मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–8, अंक–9, नवम्बर, 2008

## कामधेनु पेंट की पहली "रीजनल सेल्स मीट"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के पेंट उत्पाद "कलर ड्रीम्ज़" को देश के कोने–कोने तक पहुँचाने के बाद कंपनी ने 9 एवं 10 नवंबर को राजस्थान के भिवाड़ी में एक विराट क्षेत्रीय प्रसार सम्मेलन (रीजनल सेल्स मीट) का आयोजन किया। इस अवसर पर कामधेनु पेंट से जुड़े दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू–कश्मीर के सभी डीएसएम, एएसएम, एसएसओ, एसओ के साथ–साथ पूरी प्रसार टीम उपस्थित थी। आयोजन का उद्देश्य था, कंपनी की प्रसार टीम को तकनीकी जानकारियों एवं प्रसार नीतियों से अच्छी तरह अवगत कराना ताकि "कलर ड्रीम्ज़" को एक ब्रांड के रूप में और ज्यादा मजबूती से स्थापित किया जा सके।

दो दिन के इस भव्य आयोजन की शुरुआत राजस्थान के चौपंकी, भिवाड़ी में स्थित कंपनी के पेंट संयंत्र में एक तकनीकी सत्र के साथ हुई। कंपनी की पेंट शाखा के निदेशकगण श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल ने समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा "आज का दिन हम सभी के लिए बड़ा ही महत्वपूर्ण है। हम सभी लोग यहाँ इसलिए इकट्ठा हुए हैं कि कंपनी की इस नयी पहल को बाजार में एक कीर्तिमान के रूप में स्थापित करने के उपायों पर चर्चा कर सकें। एक सामूहिक प्रयास हमेशा कामयाबी की नयी इबारत लिखता है"। कामधेनु लिक्विड पेंट के जीएम श्री असीम रंजन बनर्जी एवं कामधेनु पाउडर प्रोडक्ट के जीएम श्री एस.के. गुप्ता ने कामधेनु पेंट के उत्पादों की तकनीकी विशिष्टताओं एवं उपयोगिताओं के बारे में समझाया, जबकि कामधेनु पेंट के वर्क्स मैनेजर श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने लॉजिस्टिक एवं सप्लाई चेन मैनेजमेंट की बारीकियों पर चर्चा की। इसके अलावा कंपनी के कई प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों ने "कलर ड्रीम्ज़"के उत्पादों पर अपनी राय उपस्थित लोगों के सामने रखी।



"Colour Dreamz" के रीजनल सेल्स मीट के दौरान कामधेनु पेंट की टीम को सम्मानित करते हुए निदेशक, श्री सचिन अग्रवाल, साथ मे सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल, अध्यक्ष, श्री पंकज अग्रवाल, सीएफओ श्री हरीश अग्रवाल, रीजनल सेल्स मैनेजर श्री सुब्रोतो उपाध्याय एवं अन्य

समारोह का दूसरा दिन कंपनी की रणनीतियों को जानने–समझने का था। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कहा "हमने कामधेनु पेंट को देशभर के बाजार में पेश कर दिया है। अब बारी आप सभी की है। हमें पूरी उम्मीद है कि हमारी प्रसार टीम कामधेनु पेंट को उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। हमने यह सम्मेलन इस आशय के साथ आयोजित किया है कि टीम के सभी सदस्य कंपनी की प्राथमिकताओं को अच्छी तरह से जान–समझ लें। हमें पूरा विश्वास है कि कामधेनु पेंट से जुड़े सभी सदस्य अपनी–अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे और कंपनी को कामयाबी की नयी ऊँचाइयों तक ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका दर्ज कराएंगे।" समारोह के दौरान अपने क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए 10 लोगों को सम्मानित किया गया ।

कंपनी के रीजनल सेल्स मैनेजर श्री सुब्रोतो उपाध्याय ने मार्किटिंग की बारीकियों एवं बेहतर परिणाम हासिल करने के बिन्दुओं का सार प्रस्तुत किया। कंपनी के सीएफओ श्री हरीश अग्रवाल ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड की रणनीतियों एवं प्राथमिकताओं के साथ–साथ एचआर से जुड़ी बातों के बारे में भी जानकारी दी। ■

# कामधेनु की नई शक्तिशाली "6 एमएम टीएमटी"



अपने निर्माण को मनपसंद अंदाज में तैयार करने के लिए अब आपको साधारण सरिया चुनने की कोई मजबूरी नहीं है, क्योंकि कामधेनु ब्रांड टीएमटी बाजार में 6 एमएम की साइज में भी उपलब्ध है। 6 एमएम कामधेनु टीएमटी रिंग बनाने, वेल्डिंग करने या जोड़ों के काम में किसी भी अन्य सरिए या टीएमटी के मुकाबले कहीं अधिक शक्तिशाली, टिकाऊ और जंग रहित है।

इसमें न केवल उच्च ताप को सहन करने की अद्भुत क्षमता है बल्कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं में भी यह आपके निर्माण को कोई आँच नहीं आने देता। इसकी बाहरी सतह सख्त और किनारा नलिकानुमा होने की वजह से इसकी बंधन क्षमता कई गुणा ज्यादा है। 6 एमएम कामधेनु टीएमटी से तैयार निर्माण जोड़ों पर भी समान रूप से शक्तिशाली होता है, जिसके कारण बार–बार मोड़ने पर भी इसके चटखने की कोई गुंजाइश नहीं रहती। इनमें दबाव सहने की अतिरिक्त क्षमता है, और साथ ही यह आसानी से किसी भी स्वरूप में ढ़ाले जा सकते हैं। इसलिए वेल्डिंग और बाइंडिंग के कामों में खास तौर पर इनकी उपयोगिता महसूस होती है।

इस उत्पाद के बाजार में आने से पहले उपभोक्ताओं को मोड़ने, जोड़ने, वेल्डिंग करने या रिंग बनाने के काम में साधारण सरियों को चुनने की मजबूरी थी, जो न केवल गुणवत्ता की दृष्टि से बेकार बल्कि कीमत के लिहाज से भी महँगे साबित होते थे। कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझते हुए 6 एमएम के टीएमटी सरियों को बाजार में उतारा, जो इस्तेमाल में सुविधाजनक और किफायती है।

गुणवत्ता के मामले में कामधेनु के अन्य उत्पादों की तरह 6 एमएम टीएमटी का भी कोई जवाब नहीं। यह अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय गुणवत्ता के मानदंडों पर पूरी तरह खरा है, क्योंकि जबतक इसे उच्चस्तरीय गुणवत्ता के मानदंडों पर पूरी तरह परख नहीं लिया जाता, तबतक इन्हें संयंत्र के बाहर नहीं भेजा जाता। यही खासियत कंपनी के उत्पादों को बाजार में मौजूद अन्य उत्पादों की तुलना में कही अधिक भरोसेमंद बनाती है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अब इससे आपके निर्माण की कुल लागत में भी कमी आ जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए** कृपया संपर्क करें–0931667006, संजय जैन– 09811042278, रिप्पन कंसल– 0993833077, अजय पुरी– 09816021160, महेश पेडीवाल– 09414088831

# पंजाब, राजस्थान एवं हरियाणा में पेंटर मीट




कामधेनु पेंट के उत्पादों की विशिष्टताओं को उपभोक्ताओं के बीच पहुँचाने के मकसद से अलग–अलग जगहों पर पेंटर मीट का आयोजन किया गया। पंजाब में आयोजित पेंटर मीट के दौरान 100 से ज्यादा पेंटरों एवं वास्तुकारों के साथ–साथ उपभोक्ताओं ने भी हिस्सा लिया। पंजाब के मुकंदपुर (नवाशहर) में कंपनी के डीलर मेसर्स बजाज हार्डवेयर एंड पेंट स्टोर ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस अवसर पर डीएसएम श्री अरविन्द कपूर भी उपस्थित थे ।

गुलाबी शहर जयपुर में दो अलग–अलग जगहों पर आयोजित पेंटर मीट में लगभग 400 पेंटर मौजूद थे। इस अवसर पर कंपनी की ओर से श्री अजय गुप्ता, श्री अमित जैन, श्री बी. आर. अजमेरा एवं श्री दीपक पारेख ने भी शिरकत किया। जयपुर में कामधेनु पेंट के डीलरों श्री लक्ष्मी पेंट, फाइन कलर पेंट, शर्मा पेंट, अरुण सैनिटरी, खंडेलवाल पेंट, रानी सती इलेक्ट्रॉनिक्स एंड पेंट्स ने आयोजन में सक्रिय रुप से हिस्सा लिया।

हरियाणा में आयोजित पेंटर मीट के दौरान लगभग 110 पेंटरों की मौजूदगी रही। हरियाणा के झज्झर में कंपनी के डीलर भारत पेंट ने इस आयोजन की जिम्मेदारी उठायी। उनके साथ कामधेनु पेंट के श्री सुरेन्द्र भारद्वाज ने हिस्सा लिया । पेंटर मीट के दौरान कंपनी के नए उत्पाद "कलर ड्रीम्ज" के प्रति पेंटरों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। साथ ही इन उत्पादों की उपयोगिताओं एवं इस्तेमाल के तरीकों को भी समझाया गया। पेंटरों ने कामधेनु पेंट के उत्पादों की खुलकर सराहना की।

# अब देशभर में मौजूद है कामधेनु प्लाइवुड की विस्तृत रेंज




प्लाईवुड के क्षेत्र में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की नयी शाखा ने अब देशभर में अपनी पहुँच बना ली है। इसके साथ ही बुनियादी क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक सामग्रियों को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने का लक्ष्य और करीब हो गया है। वैसे तो प्लाईवुड के क्षेत्र में पहले से ही कड़ी प्रतिस्पर्धा है, मगर कामधेनु ब्रांड प्लाईवुड के बाजार में आते ही लोगों ने इसे काफी पसंद किया है। कामधेनु प्लाईवुड को सबसे पहले पंजाब के बाजार में उतारा गया था। लेकिन थोड़े ही दिनों में इसकी पहुँच देशभर के बाजारों में हो गयी है।


यह कामधेनु प्लाईवुड की उत्कृष्ट गुणवत्ता का ही प्रमाण है कि इसने बाजार में मौजूद अनेकों प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद अपनी अलग पैठ बना ली है। सुदृढ़ एवं टिकाऊ होने के साथ–साथ कामधेनु प्लाइवुड दीमक प्रतिरोधी गुण मौजूद हैं, जो न केवल इसकी उम्र को बढ़ाती है बल्कि किसी भी मौसम में किसी भी तरह की जरूरत में इनका उपयोग किया जा सकता है। कामधेनु प्लाईवुड को अत्याधुनिक तकनीक एवं कड़े गुणवत्ता परीक्षणों के अन्तर्गत तैयार किया गया है। कामधेनु प्लाइवुड कई स्वरूपों में बाजार में उपलब्ध है जैसे– एमआर प्लाइवुड आईएस : 303, बीडब्ल्यूआर आईएस : 303, माइरिन प्लाईवुड आईएस : 710, शटरिंग प्लाईवुड आईएस : 4990, एमआर ब्लॉक बोर्ड आईएस : 1659, बीडब्ल्यूपी ब्लॉक बोर्ड आईएस 1659, फ्लश डोर एवं मोल्डेड डिजाइनर डोर आदि।

प्लाईवुड के क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद कामधेनु प्लाईवुड के उत्पादों ने थोड़े ही समय में अपनी मौजूदगी बाजार में दर्ज करा दी है। उपभोक्ताओं ने भी इसे हाथो–हाथ लिया है। अपनी इस धमाकेदार शुरुआत के बाद कामधेनु प्लाईवुड की एक नयी पेशकश बाजार में आयी है, जिसका नाम है गुरजन क्लब रेंज। क्लब रेंज के इन उत्पादों के साथ 200 घंटे की उबलते पानी में गारंटी निश्चय ही प्लाईवुड इंडस्ट्री में एक नयी हलचल पैदा करने का काम करेगी। अपने जोशीले कदमों के साथ कामधेनु इस्पात लिमिटेड शीघ्र ही प्लाईवुड के क्षेत्र में एक बेहतरीन ब्रांड बनकर उभरेगी। ■

# नए हमसफर के साथ बढ़ता कामधेनु का कारवाँ

अगर हमसफर का साथ मिले तो कामयाबी की सीढ़ियाँ बड़ी आसानी से चढ़ी जा सकती है। कामयाबी के इसी नुस्खे को आजमाकर कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपने हाथ आजमाए हैं। इसी कड़ी में पार्श्वनाथ वेल्ड विंग्स प्रा. लि. के रूप में कंपनी को एक नया हमसफर मिला है, जिसके जरिए कंपनी के कामधेनु वायर बांड का महाराष्ट्र के बाजार में प्रसार किया जाएगा। नागपुर में स्थित इस कंपनी को कामधेनु के सुप्रसिद्ध ब्रांड कामधेनु वायर बांड के डिस्ट्रीब्यूशन की जिम्मेदारी दी गयी है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के गुड़गाँव स्थित व्यवसायिक कार्यालय में एक औपचारिक आयोजन के दौरान पार्श्वनाथ वेल्ड विंग्स प्रा. लि. को अपना नया साथी बनाते हुए कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "यह समझौता हमें महाराष्ट्र के बाजार में मौजूद असीमित संभावनाओं का फायदा उठाने में मदद करेगा। उपभोक्ताओं की जरूरतों को देखते हुए हम शीघ्र ही 18 गेज एवं 20 गेज के वायर बांड को बाजार में उतारने जा रहे हैं। वास्तव में इस पहल से दोनों ही कंपनियों को फायदा होगा।"



समझौते के दौरान (बाएं से) : आरती सरकार, एजीएम–बीडी, श्री सुनील अग्रवाल निदेशक, श्री हेमंत जैन, निदेशक, पार्श्वनाथ वेल्ड विंग्स प्रा. लि. एवं श्री भाष्कर चौधरी, जीएम–मार्किटिंग

इस अवसर पर पार्श्वनाथ वेल्ड विंग्स प्रा. लि. के निदेशक श्री हेमंत जैन के साथ कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से आरती सरकार, एजीएम–बीडी एवं श्री भाष्कर चौधरी, जीएम–मार्किटिंग भी वहाँ मौजूद थे।

बुनियादी क्षेत्र की अत्याधुनिक तकनीकी जरूरतों के मद्देनजर कामधेनु ब्रांड के बाइंडिंग वायर तरह–तरह के साइज एवं फिनिश में उपलब्ध हैं। कामधेनु वाइंडिंग वायर को पूरी तरह जाँचे–परखे उत्कृष्ट कच्चे माल से तैयार किया जाता है जिससे इसकी ताकत एवं लचीलापन में कहीं जरा सा भी फर्क नहीं आता। इतना ही नहीं, कामधेनु वायर बांड को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह मेटल एवं कंक्रीट दोनों के लिए समान रूप से उपयुक्त है। इन्ही विशिष्टताओं के साथ कामधेनु वायर बांड न केवल अत्यधिक कार्यक्षमता की कसौटी पर पूरी तरह फिट है बल्कि निर्माण की लागत को भी नियंत्रित रखता है। ■

RNI. No.: DELHIN/2000/4125, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2006-08



# कामधेनु परिवार का दीपावली मिलन समारोह



**निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, वित्त प्रबंधक, श्री श्याम कुमार अग्रवाल एवं अन्य को दीपावली की बधाई देते हुए**

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के गुड़गाँव स्थित कार्यालय में रोशनी का त्यौहार दीपावली बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कंपनी का कार्यालय रंग–बिरंगी रोशनी से नहा दिया गया। दीपों और फूलों से सजे कार्यालय में कामधेनु इस्पात लिमिटेड एवं इसकी शाखाओं से जुड़े कर्मचारियों ने एक दूसरे को बधाई देकर मुँह मीठा कराया।


कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने सभी कर्मचारियों को सम्बोधित देते हुए कहा "दीपावली का यह त्यौहार हम सभी के लिए खास अहमियत रखता है। पिछले एक साल के दौरान कंपनी ने कामधेनु पेंट, कामधेनु प्लाइवुड जैसे कई अलग–अलग क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बनायी है। इसका श्रेय कंपनी के साथ जुड़े सभी लोगों को जाता है। हर किसी ने अपने हिस्से की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाह कर हमारा उत्साह बढ़ाया है। आशा करते हैं कि हमारी कामयाबी का यह सिलसिला इसी तरह आगे बढ़ता जाएगा।"

दीपावली मिलन के शुभ अवसर पर होटल विस्टा, नई दिल्ली में एक भव्य रंगारंग समारोह का आयोजन किया गया, जिसने दीपावली की उमंग को कई गुणा बढ़ा दिया और समारोह में आए लोगों ने इसका भरपूर लुत्फ उठाया। इसके बाद सभी ने एक–साथ मिलकर शानदार डिनर का मज़ा लिया।

# ओबामा से उम्मीदें

अमेरिका के 44वें राष्ट्रपति के रूप में बराक हुसैन ओबामा की जीत अन्तराष्ट्रीय पटल पर उम्मीदों का एक ऐसा सबेरा लेकर आयी है, जिसे हर देश अपने–अपने हितों के आइने से देख रहा है। जहाँ एक ओर इराक, अफगानिस्तान जैसे देश आतंकवाद के नाम पर अपने यहाँ हो रही सैनिक कार्रवाई के खत्म होने की उम्मीद लगाए बैठे है वहीं ईरान, दक्षिण कोरिया जैसे देश अमेरिका के अगले कदमों की आहट को महसूस कर रहे हैं। इन सबके बीच भारत, चीन जैसे देश करवट बदलते वक्त के साथ अपनी ताल से ताल मिलाना चाहते हैं। ओबामा के अफ्रीकी मूल से जुड़े होने की वजह से कीनिया जैसे अफ्रीकी देश में भी उम्मीद की लहर देखी जा रही है।

उधर ओबामा के अपने देश अमेरिका में आर्थिक मंदी का असर गहराता जा रहा है। बड़े–बड़े बैंकों और वित्तीय संस्थानों के दिवालिया होने की खबरों से



आर्थिक विशेषज्ञों के पसीने छूट रहे हैं। बेलआउट पैकेजों की कवायदों ने बीच–बीच में थोड़ी बहुत राहत जरूर दी है। अमेरिकी आर्थिक मंदी का असर यूरोप के साथ–साथ एशियाई देशों को भी अपनी चपेट में लेता जा रहा है। ऐसे में भारत और चीन, दो ही ऐसे देश हैं जिसकी अर्थव्यवस्था को उम्मीद भरी नज़रों से देखा जा रहा है। भारत और चीन अमेरिका के लिए ऐसे बाजार हैं जिनसे वह अपने संबंध खराब करना नहीं चाहेगा। विदेश मंत्री के रूप में हिलेरी क्लिंटन को चुने जाने की संभावनाएं भी भारत के पक्ष में एक खुशनुमा माहौल बनाती हैं।

रिपब्लिकन राष्ट्रपति बुश की विदाई को अब चंद दिन बाकी हैं, और यह कहा जा सकता है इस बार अमेरिका की प्राथमिकता आतंकवाद नहीं, बल्कि आर्थिक प्रगति है। तमाम संस्थानों में हो रही रोजगार की कटौतियों के बावजूद 25 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का वादा कर ओबामा ने एक नयी पहल का संकेत दे दिया है। अब देखना यह है कि 14 जनवरी 2009 को जब बराक हुसैन ओबामा अमेरिका के 44वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालेंगे तो उनकी प्राथमिकताएं क्या–क्या होती हैं।

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5, Noida, UP.

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद बंसल<br>मेसर्स लक्ष्मी सीमेंट स्टोर<br>मेन रोड़, बाज़पुर,<br>उत्तराखण्ड<br>मो.– 9927955901 | श्री मोहसिन अली<br>मेसर्स फकरी हार्डवेयर एंड पेंट्स,<br>पेट्रोल पम्प के नजदीक<br>झालरापटन,<br>राजस्थान<br>फो.– 240952 | श्री मनोज चौहान<br>मेसर्स हरिओम स्टील<br>मेन रोड़,<br>ग्रा.– ममुरा,<br>सेक्टर–66, नोएडा<br>मो.–9810429233 |

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com